# सऊदी अरब के चार शहरों में इंडिगो की उड़ानें रद्द

**नयी दिल्ली** (आससे)। भारतीय एयरलाइन इंडिगो ने बदलती सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर सऊदी अरब के रियाद से आने-जाने वाली उड़ानें ३१ अक्टूबर तक रद्द कर दी हैं। वहीं, जेद्दा, दम्माम और मदीना से आने-जाने वाली उड़ानें २७ अक्टूबर तक रद्द रहेंगी।

इंडिगो ने बयान जारी कर कहा कि यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

एयरलाइन स्थिति पर लगातार नजर रख रही है और संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय कर रही है। प्रभावित यात्रियों को उनकी बुकिंग के दौरान दिए गए संपर्क विवरण के जरिए सूचना दी जा रही है। एयरलाइन ने यात्रियों को हवाई अड्डे के लिए रवाना होने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति वेबसाइट पर जांचने की सलाह दी है। सऊदी अरब में भारतीय दूतावास ने भी इंडिगो के बयान को साझा करते हुए उड़ानें रद्द रहने की जानकारी दी है।


बिहार सरकार

**वरीय परियोजना अभियंता का कार्यालय**
**बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0**
**कार्य प्रमंडल,चम्पारण (मोतिहारी)**

http://brpnnl.bihar.gov.in ई–मेल e-mail : spe-champaran@brpnn.co.in

Doc. No:-BRPNNL/ CHAMPARAN/1530

**NIT-06/2026**
**(SHORT NOTICE INVITING FOR RFP)**
(Only through e-tendering system on website www.eproc2.bihar.gov.in)

Invitation of Proposals for Collection of User fee through the Agency Selected on Competitive Bidding (e-Tender) basis for the following Project :

The Bihar Rajya Pul Nirman Nigam Limited (BRPNNL) invites proposals from eligible agencies for collection of user fee (Toll) for the project mentioned below :

| Sl. No. | Name of Work | Minimum threshold revenue for the 1st year (Rs. In Cr.) | Bid Security (Rs. in Lakh) | Cost of RFP (In Rs.) (Non Refundable) | Bid Processing Fee (In Rs.) (Non Refundable) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Payment through online only. | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Collection of User Fee through the Agency Selected on Competitive Bidding (e -Tendering) for Near Gandak river bridge at Mangalpur -Vishnupur Panchayat of Gopalganj District in the State of Bihar | 4.10 | 8.20 | 10,000/- | 11800/- |

**Note :- Contract shall be for a period of 1 (one) year or until the fee plaza is handed over to other user fee collection agency (BOT/OMT/TOT/INVIT MILFF Contracts/Technology based Tolling contracts etc.) as per direction issued by BRPNNL, whichever is earlier.**

Schedule:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Downloading of Bid Documents | From 29/10/2026 (10:00 Hrs.) to 18/11/2026 (15:00 Hrs.) (www.eproc2.bihar.gov.in) |
| 2 | Pre-Bid Meeting | 09.11.2026 at 15:00 Hrs. (Meeting Hall of BRPNNL, 7, Sardar Patel Marg, Patna-800015) |
| 3 | Last Date/Time of submission/uploading of offer Bid | 18.11.2026 at 15:00 Hrs. |
| 4 | Date & Time for opening of Technical Bid | 18/11/2026 upto 15:30 Hrs. (www.eproc2.bihar.gov.in) |
| 5 | Date, Time and Place of opening of Financial Bid | To be notified after Technical Bid Evaluation on website: (www.eproc2.bihar.gov.in ) |
| 6 | Validity of Bid | 180 days |

❖ The Eligibility Criteria, detailed scope of work etc. can be download from website www.eproc2.bihar.govt.in & www.brpnnl.bihar.gov.in may kindly be referred.

**Senior Project Engineer**
**Bihar Rajya Pul Nirman Nigam Limited**
**Works Division, Champaran (Motihari)**

PR- 014208 (B & C) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**


## भारतीय तीर्थयात्री सुरक्षित लौटे : किरेन रिजिजू

**नयी दिल्ली** (आससे)। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि उमराह के लिए सऊदी अरब गए अधिकतर भारतीय तीर्थयात्री सुरक्षित स्वदेश लौट आए हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार भारतीय नागरिकों की समस्याओं और चिंताओं को लेकर गंभीरता से काम कर रही है।

रिजिजू ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सऊदी अरब में भारतीय दूतावास और वाणिज्य दूतावास के संपर्क नंबर साझा किए। रियाद स्थित भारतीय दूतावास से +९६६-५५४४१२०१६ और +९६६-५४२१२६७८४ पर संपर्क किया जा सकता है। सऊदी अरब के भीतर टोल-फ्री नंबर ८००२४७१२३४ भी उपलब्ध है। तीर्थयात्री व्हाट्सएप के जरिए +९६६-५३६२१६०८२ पर सहायता मांग सकते हैं। वहीं, जेद्दा स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास से +९६६-१२-२६१४०९३ और +९६६-५५६१२२३०१ पर संपर्क किया जा सकता है। व्हाट्सएप के जरिए सहायता के लिए +९६६-५३६२०६७०४ नंबर जारी किया गया है।

## बच्चे को लेकर रूस गयी महिला के खिलाफ रेड कार्नर नोटिस

**नयी दिल्ली** (आससे)। भारतीय पति से बच्चे की संयुक्त कस्टडी का आदेश मिलने के बाद नाबालिग बेटे को लेकर रूस गई विक्टोरिया बसु को भारत लाने की कोशिश तेज हो गई है।

दिल्ली पुलिस ने साकेत अदालत को बताया कि महिला के प्रत्यर्पण के लिए गश्ह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और महस्को स्थित भारतीय दूतावास के माध्यम से कार्रवाई की जा रही है। उसके खिलाफ इंटरपोल का रेड कहर्नर नोटिस भी जारी किया गया है।

## मुकदमे से पहले लंबी हिरासत सजा में नहीं बदल सकती : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली** (आससे)। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मुकदमे की सुनवाई से पहले लंबे समय तक हिरासत में रखना सजा का रूप नहीं ले सकता। ऐसा करना संविधान के अनुच्छेद २१ के तहत व्यक्तिगत स्वतंत्रता और त्वरित सुनवाई के अधिकार का उल्लंघन है। शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी राजस्थान में जल जीवन मिशन के ९७९.४५ करोड़ रुपये के ठेकों में कथित अनियमितताओं से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में महेश चंद्र जोशी और मुकेश पाठक को जमानत देते हुए की। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति शील नागू की पीठ ने ये बात कही।

# किसानों ने खेतों में रोपे महोगनी सागवान और फलदार पौधे

**गोपालगंज।** पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र के विस्तार के उद्देश्य से सेव क्लाइमेट की ओर से चलाया जा रहा एक लाख पौधे लगाने का अभियान अब शहरों से निकलकर गांवों तक पहुंच गया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को उचकागांव प्रखंड के लुहसी गांव में ग्रामीणों और किसानों के सहयोग से 100 पौधे लगाए गए। अभियान का उद्देश्य केवल पौधारोपण करना ही नहीं, बल्कि लोगों को पौधों की नियमित देखभाल और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना भी है। अभियान के तहत किसानों ने सेव क्लाइमेट की ओर से उपलब्ध कराए गए महोगनी, सागवान और विभिन्न फलदार पौधों को स्वेच्छा से अपने खेतों में लगाया। पौधरोपण कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और गांव में हरियाली बढ़ाने के साथ पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।संस्था की इस पहल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। खेतों में पौधे लगाने के लिए किसानों को प्रेरित कर हरित क्षेत्र बढ़ाने और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है।सेव क्लाइमेट के संस्थापक कुमार सत्यम ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण का संरक्षण करना, हरित क्षेत्र का विस्तार करना और लोगों को पेड़ों के महत्व के प्रति जागरूक बनाना है। संस्था एक लाख पौधे लगाने की पहल को जन-आंदोलन का रूप देना चाहती है, ताकि




अधिक से अधिक लोग इस मुहिम से जुड़ सकें।उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल किसी एक संस्था की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसके लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी जरूरी है। लुहसी गांव में ग्रामीणों और किसानों का सहयोग इस बात का प्रमाण है कि सामूहिक प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। कुमार सत्यम ने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पौधारोपण तभी सार्थक होगा, जब लगाए गए पौधों को सुरक्षित रखकर वृक्ष बनने तक उनकी देखभाल की जाएगी। स्वच्छ, स्वस्थ और संतुलित पर्यावरण के निर्माण के लिए पौधों का संरक्षण सामूहिक जिम्मेदारी है।पौधारोपण अभियान में समाजसेवी पंकज कुमार चौरसिया, रिशु कुमार शर्मा, प्रगतिशील किसान मनोज कुमार मिश्र, सुजीत कुशवाहा, चंदन कुमार गोंड, पेंटर शहजाद आलम और विक्की ठाकुर सहित कई ग्रामीणों ने भाग लिया।

सभी ने पौधे लगाकर गांव में हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।सेव क्लाइमेट की यह पहल लोगों को प्रकृति के प्रति जिम्मेदार बनाने और पौधारोपण को सामूहिक अभियान का रूप देने की दिशा में एक प्रयास है। अभियान से जुड़े लोगों का संदेश स्पष्ट है।


**बिहार सरकार**

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, उत्तरी बिहार कार्य प्रमण्डल
**बिहार राज्य खाद्य निगम, मुजफ्फरपुर**
अल्पकालीन ई पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना सं०–04 / NB/2026–27
(केवल ई–टेंडरिंग पद्धति के अनुसार वेबसाइट द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in पर)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | : कार्यपालक अभियंता, उत्तरी बिहार कार्य प्रमंडल, बिहार राज्य खाद्य निगम मुजफ्फरपुर। |
| 2. | निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि | : 21.10.2026 |
| 3. | निविदा अपलोड करने की आरंभ तिथि | : 02.11.2026 10:00 बजे पूर्वाहन से (on website www.eproc2.bihar.gov.in ) |
| 4. | संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि / समय | : दिनांक 09.11.2026 के 15:00 बजे तक अप० (on website www.eproc2.bihar.gov.in ) |
| 5. | प्री बीड् मीटिंग का समय एवं स्थान | : 03.11.2026 बिहार राज्य खाद्य निगम, निगम मुख्यालय, पटना। |
| 6. | तकनीकी बीड् खोलने की तिथि / समय | : दिनांक 09.11.2026 के 15:30 बजे अप० के बाद (on website www.eproc2.bihar.gov.in ) |
| 7. | वित्तीय बीड् खोलने की तिथि, समय एवं स्थान | : तकनीकी बीड् के निष्पादन के उपरांत www.eproc2.bihar.gov.in पर |

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि(रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय रू० में) Through e-payment(i.e NEFT/RTGS/CREDIT CARD/DEBIT CARD ) | BID Processing Fee(Through online Payment) (अप्रत्यर्पणीय रू० में) Through e-payment (i.e NEFT/RTGS/ CREDIT CARD/DEBIT CARD) (Inclusive of GST) | कार्य समाप्ति की अवधि (एकरारनामा की तिथि से) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के दो अदद् टी0पी0डी0एस0 एस0एफ0सी0 गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा) | 1454896 | 29500 | 2950 | As Per Beltron | 3 माह |
| 2 | समस्तीपुर जिलान्तर्गत वारिशनगर प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के दो अदद् टी0पी0डी0एस0 एस0एफ0सी0 गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा) | 1621336 | 32500 | 5900 | As Per Beltron | 3 माह |
| 3 | समस्तीपुर जिलान्तर्गत उजियारपुर प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के दो अदद् टी0पी0डी0एस0 एस0एफ0सी0 गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा) | 1195386 | 24000 | 2950 | As Per Beltron | 3 माह |
| 4 | मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत साहेबगंज प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के टी0पी0डी0एस0 एस0एफ0सी0 गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा) | 979284 | 19600 | 1475 | As Per Beltron | 3 माह |
| 5 | मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत बन्दरा प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के टी0पी0डी0एस0 एस0एफ0सी0 गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा) | 847218 | 17000 | 1475 | As Per Beltron | 3 माह |
| 6 | मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत गायघाट प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के दो अदद् टी0पी0डी0एस0 एस0एफ0सी0 गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा) | 1771548 | 35500 | 5900 | As Per Beltron | 3 माह |
| 7 | वैशाली जिलान्तर्गत राजापाकर प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के टी0पी0डी0एस0 एस0एफ0सी0 गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा) | 957651 | 19500 | 1425 | As Per Beltron | 3 माह |
| 8 | वैशाली जिलान्तर्गत महुआ प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के टी0पी0डी0एस0 एस0एफ0सी0 गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा) | 1017806 | 20500 | 2950 | As Per Beltron | 3 माह |
| 9 | वैशाली जिलान्तर्गत जन्दाहा प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के दो अदद् टी0पी0डी0एस0 एस0एफ0सी0 गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा) | 2356996 | 47500 | 5900 | As Per Beltron | 3 माह |
| 10 | सारण जिलान्तर्गत दिघवारा प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के दो अदद् टी0पी0डी0एस0 एस0एफ0सी0 गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा) | 1945398 | 39000 | 5900 | As Per Beltron | 3 माह |
| 11 | सारण जिलान्तर्गत तरैया प्रखण्ड स्थित 1000 मे०टन क्षमता के प्रीफैब टी0पी0डी0एस0 एस0एफ0सी0 गोदाम का पहुँच पथ निर्माण कार्य (पुनर्निविदा) | 2193774 | 43900 | 5900 | As Per Beltron | 3 माह |
| 12 | सिवान जिलान्तर्गत मैरवा प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के दो अदद् टी0पी0डी0एस0 एस0एफ0सी0 गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा) | 2386314 | 47800 | 5900 | As Per Beltron | 3 माह |
| 13 | मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के टी0पी0डी0एस0 एस0एफ0सी0 गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा) | 1072381 | 21500 | 2950 | As Per Beltron | 3 माह |
| 14 | मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के टी0पी0डी0एस0 एस0एफ0सी0 गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा) | 1246164 | 25000 | 2950 | As Per Beltron | 3 माह |
| 15 | मधुबनी जिलान्तर्गत रहिका प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के टी0पी0डी0एस0 एस0एफ0सी0 गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा) | 1501651 | 30100 | 5900 | As Per Beltron | 3 माह |
| 16 | मधुबनी जिलान्तर्गत घोघरडीहा प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के टी0पी0डी0एस0 एस0एफ0सी0 गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा) | 1482099 | 29700 | 2950 | As Per Beltron | 3 माह |

**Note:-Bidders should submit Bid processing fee,Tender Fee through online payment as per amount generated on website www.eproc2.bihar.gov.in**

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in/www.sfc.bihar.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता,
उत्तरी बिहार कार्य प्रमंडल,
बिहार राज्य खाद्य निगम,मुजफ्फरपुर

PR. No. 014203 (B&C) 2026-27

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

**गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।**


# प्रथम पृष्ठ का शेष

## शिक्षक सीटों पर...

हालांकि, मतदान के दौरान राजनीतिक हलचल भी देखने को मिली। सारण शिक्षक सीट से जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी आफाक अहमद के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में प्राथमिकी दर्ज होने की जानकारी सामने आई।आरोप है कि इंटरनेट मीडिया पर शिक्षकों को सातवां वेतनमान दिलाने का उल्लेख करते हुए उन्हें भारी मतों से जिताने की अपील की गई थी।

मतदान शुरू होने के साथ ही मोकामा में जदयू विधायक अनंत सिंह और जदयू प्रत्याशी नीरज कुमार के समर्थकों के बीच झड़प की घटना सामने आई।

इस मामले में अनंत सिंह के निजी सुरक्षा गार्ड विपिन सिंह, समर्थक राजेश सिंह और नगर भाजपा अध्यक्ष राहुल रंजन को हिरासत में लिया गया। पटना स्नातक सीट पर नीरज कुमार की लगातार चौथी जीत की कोशिश और उनके विरोध में सक्रिय राजनीतिक गुटों के कारण मुकाबला खासा चर्चित रहा। अनंत सिंह जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी अनुज सिंह के समर्थन में सक्रिय बताए गए।

आठ सीटों पर महागठबंधन के घटक दलों के कुल 14 प्रत्याशी मैदान में रहे। पांच सीटों पर राजद और कांग्रेस के बीच दोस्ताना मुकाबले की स्थिति बनी। इससे गठबंधन के भीतर मतों के बंटवारे की आशंका भी रही। दरभंगा स्नातक सीट पर कांग्रेस के विधान पार्षद डा. मदन मोहन झा के सामने राजद के कुमर राय मैदान में हैं। यहां भाकपा (माले) ने भी अपना प्रत्याशी उतारा। कुल मिलाकर राजद के सात, कांग्रेस के पांच और भाकपा तथा भाकपा (माले) के एक-एक प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। आठ सीटों पर कुल 150 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतगणना के बाद होगा। शिक्षक कोटे की सीटों पर अधिक मतदान और स्नातक सीटों पर कम वोटिंग के राजनीतिक मायने क्या होंगे, यह परिणाम आने के बाद ही स्पष्ट होगा। एनडीए, महागठबंधन और जनसुराज पार्टी के लिए ये नतीजे आगे की राजनीतिक रणनीति के लिहाज से अहम माने जा रहे हैं।

## सीवान में पटाखा...

आग पर काबू पाने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस और प्रशासन की प्राथमिकता आग बुझाने, मलबे में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने और स्थिति को नियंत्रित करने की है। थाना प्रभारी के अनुसार, रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा होने और स्थिति सामान्य होने के बाद ही मृतकों एवं घायलों की वास्तविक संख्या स्पष्ट हो सकेगी।

स्थानीय लोगों का दावा है कि संबंधित पटाखा फैक्ट्री कथित तौर पर बिना लाइसेंस के संचालित की जा रही थी। हालांकि, फैक्ट्री के लाइसेंस और संचालन की वैधता को लेकर प्रशासन की ओर से आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है। यदि बिना जरूरी अनुमति के पटाखों का निर्माण किया जा रहा था, तो यह सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

फिलहाल पुलिस, दमकल विभाग और प्रशासन की टीमें घटनास्थल पर राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हैं। हादसे के कारणों, फैक्ट्री के संचालन और जान-माल के नुकसान की वास्तविक स्थिति का पता जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा।

## चारा घोटाला केस...

गया था। 22 अक्टूबर की रात करीब आधी रात के आसपास टीम ने आरोपी को पकड़ लिया। इसके बाद उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तारी के बाद सत्येंद्र कुमार को ट्रांजिट रिमांड पर रांची ले जाया जा रहा है। वहां उसे संबंधित सक्षम अदालत में पेश किया जाएगा, ताकि चारा घोटाला मामले में उसके खिलाफ लंबित मुकदमे की सुनवाई आगे बढ़ाई जा सके।

## सरकारी स्कूलों में...

आधारभूत सुविधाएं समय पर पूरी करने का निर्देश दिया। शिक्षा मंत्री ने राज्य में पारंपरिक शिक्षा व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए हर प्रमंडल में गुरुकुलम विद्यापीठ का खाका तैयार करने का निर्देश दिया। इसकी शुरुआत बक्सर से की जा चुकी है। यहां पहले गुरुकुलम की स्थापना पर लगभग 70 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। उन्होंने बजट पदाधिकारी को अन्य गुरुकुलम विद्यापीठ की विस्तृत योजना तैयार करने का निर्देश देते हुए कहा कि इस बार बजट में ज्यादा से ज्यादा नई योजनाओं को शामिल करें। उन्होंने कहा कि राज्य में संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बंद पड़े राजकीय संस्कृत विद्यालयों को फिर से शुरू करने की तैयारी की जा रही है। पहले उन विद्यालयों का जीर्णोद्धार किया जाएगा, जिनके पास अपनी जमीन उपलब्ध है। साथ ही संस्कृत शिक्षा बोर्ड की तरह मदरसा बोर्ड के कार्यालय को भी जल्द नए भवन में स्थानांतरित किया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने पीएमश्री योजना के तहत अब तक हुए कार्यों की प्रगति रिपोर्ट मांगी। उन्होंने विभिन्न जिलों में प्रस्तावित शिक्षा भवनों की अद्यतन स्थिति की भी जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति, विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विकास और शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने से जुड़े विषयों की समीक्षा की गयी। श्री तिवारी ने बताया कि इस बार बिहार दिवस के अवसर पर बड़े पैमाने पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य समारोह बापू सभागार में करने की योजना है। इस अवसर पर कवि डॉ. कुमार विश्वास को आमंत्रित किया जायेगा। बैठक में विशेष सचिव धर्मेन्द्र कुमार, बिहार शिक्षा परियोजना के राज्य परियोजना निदेशक नवदीप शुक्ला, माध्यमिक शिक्षा निदेशक नितिन कुमार सिंह, टेक्स्ट बुक के निदेशक यतेंद्र कुमार पाल, प्राथमिक शिक्षा निदेशक कुमार निशांत विवेक एवं निदेशक प्रशासन विजय कुमार पांडेय सहित सभी संबंधित अधिकारी शामिल थे।

## अरुणाचल प्रदेश में...

भारत-चीन सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखने में विफल रहने के लिए चीन को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया। मंत्रालय ने कहा कि जब चीनी सेनाएं तय गश्त के तरीकों से भटक जाती हैं, तो सीमावर्ती इलाकों में समय-समय पर अशांति पैदा हो जाती है। विदेश मंत्रालय का यह बयान तब आया है, जब आईटीबीपी के महानिदेशक शत्रुजीत सिंह कपूर ने कहा कि उनकी फोर्स की नई बनी शौर्य कमांडो यूनिट ने अरुणाचल प्रदेश में कई जगहों पर चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के साथ चल रहे आमना-सामना के दौरान अपनी क्षमता साबित की है। साप्ताहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि दोनों पक्ष लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर लंबित मुद्दों को सुलझाने और किसी भी तरह की गलतफहमी या गलत आकलन से बचने के लिए मौजूदा राजनयिक और सैन्य तंत्र का इस्तेमाल कर रहे हैं। जायसवाल ने कहा, जहां तक विशिष्ट विवरणों की बात है, तो मैं आपको रक्षा मंत्रालय की ओर रुख करने की सलाह दूंगा। उन्होंने आगे कहा, जैसा कि हमने पहले भी बताया है, जब चीनी सेनाएं तय गश्त के तरीकों से भटक जाती हैं, तो भारत-चीन सीमावर्ती इलाकों में समय-समय पर अशांति पैदा हो जाती है। उन्होंने आगे कहा, दोनों पक्ष लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर लंबित मुद्दों को सुलझाने और किसी भी तरह की गलतफहमी या गलत आकलन से बचने के लिए मौजूदा राजनयिक और सैन्य तंत्र का इस्तेमाल कर रहे हैं।

विदेश मंत्रालय ने इस बात को भी दोहराया कि भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों के समग्र विकास के लिए सीमावर्ती इलाकों में शांति और स्थिरता बनाए रखना बहुत जरूरी है। जायसवाल ने कहा, दोनों पक्ष सीमा प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए, एलएसी के कुछ इलाकों में आपसी समझ को बेहतर करने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए भी सहमत हुए हैं। उन्होंने आगे कहा, मैं इस बात पर भी जोर देना चाहूंगा कि द्विपक्षीय संबंधों के समग्र विकास के लिए सीमावर्ती इलाकों में शांति और स्थिरता बनाए रखना बहुत जरूरी है।

इससे पहले गुरुवार को,आईटीबीपी प्रमुख शत्रुजीत सिंह कपूर ने बताया कि एजेंसी ने शौर्य कमांडो नाम की एक नई कॉम्बैट यूनिट (लड़ाकू इकाई) तैयार की है। इस यूनिट ने अरुणाचल प्रदेश में कई जगहों पर चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के साथ चल रहे आमना-सामना के दौरान अपनी क्षमता साबित की है। कपूर ने कहा कि हर बॉर्डर बटालियन में कमांडो तैनात किए जाएंगे, क्योंकि यह बल चीन के साथ 3,488 किलोमीटर लंबी लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलओसी) पर अपनी युद्ध-तैयारी को मजबूत कर रहा है। आईटीबीपी प्रमुख का यह बयान ऐसे समय में आया है जब यह बल अपने आधुनिकीकरण अभियान को तेज कर रहा है, जिसमें नई युद्ध तकनीकों और विशेष प्रशिक्षण पर अधिक जोर दिया जा रहा है।

24 अक्टूबर को आईटीबीपी के 65वें स्थापना दिवस से पहले, राजस्थान के अलवर में एक आईटीबीपी बेस पर जवानों को संबोधित करते हुए कपूर ने कहा कि चीन का मुकाबला करने के लिए युद्ध के पारंपरिक तरीके अब काफी नहीं हैं। उन्होंने चीन को भारत का सबसे बड़ा विरोधी बताया। कपूर ने यह भी कहा, पिछले कुछ दिनों में ऐसी स्थिति बनी, जहां अरुणाचल (प्रदेश) में कई जगहों पर दोनों पक्षों का आमना-सामना हुआ, और यह सिलसिला अभी भी जारी है। विपक्षी दलों ने उनकी इस स्वीकारोक्ति के बहाने केंद्र सरकार पर हमला बोला है और चीन के दबाव में मोदी सरकार पर झुकने का आरोप लगाया है।

## बेतिया में दशहरा...

कुमारी और अफसाना खातून शामिल हैं. तीनों लड़कियों के अचानक लापता होने से परिजन परेशान हैं. परिवार के लोगों ने किसी बड़ी साजिश की आशंका जताई है. हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि तीनों किस परिस्थिति में लापता हुईं और उनके साथ क्या हुआ. पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया है. बेतिया एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर लड़कियों की बरामदगी के लिए पुलिस की कई टीमें लगाई गई हैं. पुलिस टीमों की ओर से संभावित ठिकानों पर तलाश के साथ अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है. तीनों सहेलियों के एक साथ लापता होने के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है. परिवार के लोग जल्द से जल्द उनकी सकुशल बरामदगी की उम्मीद कर रहे हैं. फिलहाल पुलिस की जांच और तलाश अभियान जारी है. तीनों के मिलने के बाद ही उनके लापता होने की पूरी वजह स्पष्ट हो सकेगी। एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है. पुलिस के मुताबिक, लड़कियों का लोकेशन ट्रेस किया गया है और जल्द बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है. तीनों गायब लड़की एक दूसरे की सहेली है और घर से बिना बताए निकल गई है. पुलिस की कई टीमों को तकनीकी अनुसंधान के साथ गायब लड़कियों को बरामद करने का टास्क दिया गया है।

## रूस और यूक्रेन...

चुटकियों में खत्म करने का फॉर्मूला है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कभी दोनों देश किसी समझौते पर राजी नहीं हो सके. इसके विपरीत फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप ने बिना किसी बड़े राजनीतिक शोर-शराबे के बैक-चैनल डिप्लोमेसी का इस्तेमाल किया।

मेलानिया ट्रंप ने इस समझौते में दोनों देशों के बीच 'एक्सक्लूसिव मध्यस्थ' की औपचारिक भूमिका निभाई. उन्होंने सीधे मॉस्को और कीव के शीर्ष नेतृत्व से संपर्क साधा और दोनों पक्षों को एक साझा मानवीय एजेंडे पर एक साथ लाने में सफलता हासिल की।

मेलानिया ने साफ लफ्जों में कहा, 'यह बिल्कुल स्पष्ट था कि मेरे सीधे हस्तक्षेप के बिना शहर में मानवीय सहायता पहुंचाना और असहाय लोगों को वहां से बाहर निकालना पूरी तरह नामुमकिन था।'

ओलेशकी शहर दक्षिणी यूक्रेन के खेरसोन क्षेत्र में नीप्रो नदी के मुहाने पर बसा है. जंग से पहले इस शहर की आबादी लगभग 24 हजार थी, लेकिन लगातार हमलों और भीषण गोलाबारी के बाद अब यहां केवल 1700 से 2000 लोग ही बचे हैं. इनमें ज्यादातर ऐसे लाचार बुजुर्ग हैं जो चाहकर भी कहीं भाग नहीं सके, साथ ही करीब 50 मासूम बच्चे भी इस नर्क में फंसे हुए हैं।

## यूएन में भारत ने...

नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के अधिकारों की पैरवी करते समय उन पीड़ितों के अधिकारों को भी ध्यान में रखना चाहिए, जिनकी जिंदगी आतंकवादी हमलों में छिन जाती है। मंगलानंदन ने संप्रभु अधिकारों के सिद्धांतों के अनुरूप कानूनी सीमाएं निर्धारित करने की बात भी कही।

भारतीय राजनयिक ने 1999 के कारगिल युद्ध का जिक्र करते हुए पाकिस्तान को उसके सैनिकों के शव स्वीकार नहीं करने के मामले की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि यह विडंबना है कि जो देश अपने मारे गए सैनिकों के शव स्वीकार करने से पीछे हट गया था, वही आज धार्मिक आस्था, धार्मिक स्वतंत्रता और अंतिम संस्कार के अधिकारों पर उपदेश दे रहा है। भाविका मंगलानंदन ने कहा कि भारतीय सेना ने कई पाकिस्तानी सैनिकों को सैन्य सम्मान के साथ और इस्लामी रीति-रिवाजों के अनुसार दफनाया था। उनके इस बयान के जरिए भारत ने धार्मिक स्वतंत्रता और मानवीय मूल्यों के मुद्दे पर पाकिस्तान के रुख पर सवाल उठाए।

भारत ने जम्मू-कश्मीर को लेकर पाकिस्तान की टिप्पणियों को भी खारिज किया। मंगलानंदन ने कहा कि पाकिस्तान को भारतीय केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर पर ध्यान देने के बजाय अपने कब्जे वाले क्षेत्रों में हो रहे घटनाक्रम पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने रावलाकोट का उल्लेख करते हुए पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के क्षेत्रों की स्थिति पर सवाल उठाए। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की आबादी घट रही है और उनके अधिकारों का लगातार उल्लंघन हो रहा है।

अपने संबोधन के अंत में भाविका मंगलानंदन ने पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की स्थिति को लेकर कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा, %%जो देश अपने ही अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकता, उसे भारत को उपदेश देने का कोई अधिकार नहीं है।

भारत के इस बयान में आतंकवाद, धार्मिक स्वतंत्रता, अल्पसंख्यकों के अधिकारों और जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर पाकिस्तान के रुख को चुनौती दी गई। संयुक्त राष्ट्र में भारत ने स्पष्ट किया कि आतंकवाद के पीड़ितों के अधिकारों और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा करते समय सभी देशों को अपने आचरण पर भी ध्यान देना चाहिए।

## जियो के आईपीओ...

शामिल रहे, जिनमें ब्लैकरॉक, फिडेलिटी इन्वेस्टमेंट्स, जीआईसी और अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी प्रमुख हैं। भारत के सबसे बड़े आईपीओ के रूप में जिओ प्लेटफॉर्म्स ने हुंडई मोटर इंडिया के 27,870 करोड़ के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है।

## जॉर्डन में चर्च पर...

मुताबिक, यह घटना जॉर्डन की राजधानी अम्मान से करीब 180 किलोमीटर दूर स्थित राज्य करक के एक ग्रीक ऑर्थोडॉक्स चर्च में हुई है। जॉर्डन के सरकारी टीवी पर दिखाए गए फुटेज में दो बंदूकधारी चर्च की ओर आते और गोलियां चलाते दिख रहे हैं, जिनके हाथों में पिस्तौलें नजर आ रही हैं। इसके बाद एक तीसरा व्यक्ति आता है, जिसके पास सेमी-ऑटोमैटिक राइफल है। वह भी गोलीबारी शुरू कर देता है और फिर तीनों चर्च की ओर दौड़ पड़ते हैं। इस मामले पर जॉर्डन के सैन्य अधिकारी मेजर जनरल ओबेदल्लाह मायताह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि घायलों में से 27 लोगों का अभी भी इलाज चल रहा है।

किंग अब्दुल्ला द्वितीय ने भी सोशल मीडिया साइट पर पोस्ट करके इस घटना को लेकर अपना दुख जताया है। उन्होंने कहा, जॉर्डन करक को निशाना बनाने वाली इस आतंकवादी घटना का सबसे कड़ी सजा के साथ जवाब देगा। उन्होंने शहीदों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना जताई और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

बता दें, करक में ईसाई समुदाय अल्पसंख्यक है। साल 2016 में, करक में बंदूकधारियों ने पुलिस पर कई हमले किए थे। इनमें पर्यटकों के बीच लोकप्रिय एक क्रूसेडर कैसल (किला) पर किया गया हमला भी शामिल था। इन हमलों में सात पुलिस अधिकारियों सहित 10 लोगों की मौत हो गई थी और दर्जनों लोग घायल हुए थे। जॉर्डन के सुरक्षा बलों ने एक लंबी मुठभेड़ के बाद उन बंदूकधारियों को मार गिराया था।


**स्वत्वाधिकारी : ज्ञानमंडल प्रा. लिमिटेड** के लिए **शिवशंकर दूबे** द्वारा शाश्वत प्रिण्टर्स यन्त्रालय, मजहरुल हक पथ, पटना से मुद्रित तथा शाश्वत प्रिण्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, मजहरुल हक पथ, पटना-८००००१ से प्रकाशित

**सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त**
प्रबंध सम्पादक एवं व्यवस्थापक : **शशि शुक्ला**
स्थानीय सम्पादक : **दीपक पांडेय**

**वाराणसी :** संत कबीर मार्ग, **गोरखपुर :** बैंक रोड, **प्रयागराज :** 3, लीडर रोड, **कानपुर :** बासमंडी, **झांसी :** झोंकनबाग, **लखनऊ :** 1, जांपलिंग रोड, **आगरा :** महात्मा गांधी रोड, **बरेली :** रोड नं. 3, परसाखेड़ा, **रांची :** नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया, **जमशेदपुर :** न्यू काली माटी रोड, साकची

वर्ष-३१ संख्या-०९७३९२१
आर.एन.आई. रजिस्ट्रेशन सं. ३३४४३/७९

**पीबीएक्स :** २२३५०७०-७१, ७२
**स्थानीय समाचार डेस्क :** २२३५०७०
इ-मेल : **patnaaj@gmail.com**
**पटना जीपीओ रजिस्ट्रेशन संख्या :**
R-10/NP-16/2019-22

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन के लिए **स्थानीय सम्पादक** जिम्मेदार होंगे एवं समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होगा।